रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73

REGISTERED No. D (D).73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 37] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 12, 1981/भाद्र, 21, 1903

No. 37] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 12, 1981/BHADRA 21, 1903

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II —खण्ड 3 —उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं।

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 27 जुलाई, 1981

सा०का०नि० 830.—केन्द्रीय सरकार, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की प्रथम अनुसूची के आदेश 27 के नियम 8ख के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के भूतपूर्व विधि मंत्रालय (विधि कार्य विभाग) की अधिसूचना सं० सा०का० नि० 1112, ता० 25 नवम्बर, 1960 का निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में पश्चिमी बंगाल से संबंधित क्रम सं० 14 के सामने, उच्च न्यायालय से संबन्धित मद (क) में, स्तम्भ 2 में विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्.

"(i) भारत सरकार के वित्त मंत्रालय से संबन्धित सभी मामलों (सिविल और वाणिज्यिक दोनों) की बाबत जो कलकत्ता उच्च न्यायालय की अपीली अधिकारिता के भीतर उद्भूत होते हैं जिसके अन्तर्गत सांविधानिक रिट अधिकारिता भी है :

(क) श्री आर० एल० मुखर्जी
ज्येष्ठ केन्द्रीय सरकार अधिवक्ता

(ख) श्री एस०के० कुंडु
केन्द्रीय सरकार अधिवक्ता

(ग) श्री जे० एन० श्रीनिवासन
उप विधि सलाहकार ;

(ii) कलकत्ता उच्च न्यायालय की प्रारंभिक अधिकारिता के भीतर उद्भूत होने वाले सभी मामलों की बाबत जिसके अन्तर्गत संविधानिक रिट अधिकारिता भी है।

(क) श्री आर०एल० मुखर्जी
ज्येष्ठ केन्द्रीय सरकार अधिवक्ता

(ख) श्री एस०के० कुंडु
केन्द्रीय सरकार अधिवक्ता।

(ग) श्री जे०एन० श्रीनिवासन,
उप-विधि-सलाहकार।"

[फा०सं० 15/1/76—न्याय]

के० सी० डी० गंगवानी, अपर विधि सलाहकार

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 27th July, 1981

G.S.R. 830.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of rule 8B of Order XXVII of the First Schedule to the Code of Civil Procedure, 1908 (5 of 1908), the Central Government hereby makes the following further amendment in the notification of the Government of India in the late

Ministry of Law (Department of Legal Affairs) No. G.S.R. 1412, dated the 25th November, 1960, namely:—

In the Schedule to the said notification against S.No. 14 relating to West Bengal, in item (a) relating to High Court, in Column 2 against existing entries, the following shall be substituted, namely :—

"(i) In respect of all cases (both civil and criminal) concerning the Ministry of Finance Government of India arising within the Appellate Jurisdiction of the High Court, Calcutta including Constitutional Writ Jurisdiction.

(a) Shri R. L. Mukherjee, Senior Central Government Advocate.

(b) Shri S. K. Kundu, Central Government Advocate.

(c) Shri J. N. Sreenivasan, Deputy Legal Adviser;

(ii) In respect of all cases arising within the Original Jurisdiction of the High Court, Calcutta, including Constitutional Writ Jurisdication.

(a) Shri R. L. Mukherjee, Senior Central Government Advocate.

(b) Shri S. K. Kundu, Central Government Advocate.

(c) Shri J. N. Sreenivasan, Deputy Legal Adviser."

[F. No. 15/1/76-Judl.]

K. C. D. GANGAWANI, Additional Legal Adviser

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 27 अगस्त, 1981

सा०का०नि० 831.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (अराजपत्रित-अलिपिकवर्गीय कर्मचारीवृन्द) भर्ती नियम, 1968 को अधिक्रान्त करते हुए, गृह मंत्रालय के सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में स्टाफ नर्स के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ:—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (अराजपत्रित-अलिपिकवर्गीय कर्मचारी वृन्द) भर्ती नियम, 1981 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. पद संख्या वर्गीकरण और वेतनमान :—उक्त पद की संख्या उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं ।

3 भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि .—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबन्धित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 में विनिर्दिष्ट हैं।

4 निरर्हताएं—वह व्यक्ति.—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है ;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति:—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके तथा इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6 व्यावृत्ति:—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबन्ध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद-500252 के विभाग में स्टाफ नर्स के लिए भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयुसीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	4	3	5	6	7
स्टाफ नर्स	*दो *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "ग"	425-15-560-द० रो० 20-640 रुपये	लागू नहीं होता	35 वर्ष टिप्पण आयु सीमा अवधारित करने के लिये निर्णायक तारीख, प्रत्येक मामले में, भारत में रहने वाले अभ्यर्थियों से (उनसे भिन्न जो अन्दमान और निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप में रहते हैं) आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी ।	(1) मैट्रिक उत्तीर्ण (2) यदि उस राज्य में, जिसमें अभ्यर्थी को प्रशिक्षित किया जाना गया है, दो श्रेणियां हैं तो, साधारण परिचर्या "क" श्रेणी में प्रमाणपत्र धारक होना/होनी चाहिए । (3) रजिस्ट्रीकृत नर्स होना/होनी चाहिए

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि, कोई हो।	भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा पद्धतियां जिनसे भर्ती किये जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशतवार	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होता	सीधे भर्ती किए जाने वालों के लिए दो वर्ष	प्रतिनियुक्ति द्वारा जिसके न हो सकने पर स्थानान्तरण द्वारा और दोनों के न होने पर सीधी भर्ती द्वारा	प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण ऐसा कम्पाउण्डर जिसने राज्य सरकार के स्वास्थ्य और चिकित्सा विभाग से परिचर्या पाठ्यक्रम पूरा किया है या वहां से प्रशिक्षित नर्स है। (प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)	उपनिदेशक—अध्यक्ष सहायक निदेशक—सदस्य, स्टाफ सर्जन—प्रशासन अधिकारी सदस्य	लागू नहीं होता

[सं० 10/9/76-पर्स-II]

गोपाल कृष्ण, डेस्क अधिकारी

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 27th August, 1981

G.S.R. 831.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the National Police Academy (Non-Gazetted-Non-Ministerial Staff) Recruitement Rules, 1968, the President hereby makes the following rules, regulating the method of recruitment to the post of Staff Nurse in the Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy, Hyderabad, Ministry of Home Affairs, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy (Non-gazetted-Non-Ministerial Staff) Recruitment rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. Number, classification and scale of pay.—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, qualifications etc.—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

4 Disqualification.—(1) No person who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living ; or

(ii) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post : Provided that the Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6 Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard

SCHEDULE

Recruitment Rules for Staff Nurse in Ministry/Deptt. of Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy : Hyderabad.

Name of post	No. of Posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection post or non-Selection post.	Age limit for direct recruits.	Educational and other qualifications required for direct recruits.
1	2	3	4	5	6	7
Staff Nurse	*Two	General Central Service Group 'C'	Rs. 425-15-560-EB-20-640	Not applicable	35 Years. Note :—The crucial date for determining the age limit will be the closing date for receipts application from candidates in India (other than those in Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep).	(1) Matriculation; (2) Should be holder of a certificate in General Nursing 'A' Grade if there are two grades in the State in which the candidate has been trained. (3) Should be a Registered Nurse

subject to variation dependant on work load.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees	Period of Probation, if any.	Method of rectt. whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods.	In case of rectt. by promotion/deputation/transfer, grades, from which promotion/deputation/transfer to be made.	If a DPC exists what is its composition.	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making rectt.
8	9	10	11	12	13
Not applicable.	Two years for direct recruits.	By deputation failing which by transfer, failing both by direct recruitment.	Deputation/Transfer : Compounder having undergone Nursing course or a trained Nurse from the Health and Medical Deptt. of the State Government. (Deputation period not exceeding 3 years).	Dy. Director—Chairman. Asstt. Director—Member. Staff Surgion Admn. Officer—Member.	Not applicable

[No. 10/9/76—Pers. II]

GOPAL KRISHAN, Desk Officer

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 26 अगस्त, 1981

सा०का०नि० 832.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 318 के उपखण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संघ लोक सेवा आयोग (सदस्य) विनियम, 1969 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1 (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम संघ लोक सेवा आयोग (सदस्य) संशोधन विनियम, 1981 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. संघ लोक सेवा आयोग (सदस्य) विनियम, 1969 के विनियम 10 के उप-विनियम (3) और (4) के स्थान पर निम्नलिखित उप-विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(3) इस विनियम के अधीन इस प्रकार विकल्प का प्रयोग करने वाला कोई सदस्य, यदि उसने उक्त सेवा की बाबत पेंशन के रूप में कोई सेवा निवृत्ति प्रसुविधा, जिसमें उसका कोई संराशिकृत मूल्य, उपदान या, किसी अभिदायी भविष्य निधि में यथास्थिति, सरकार का या नियोजक का अभिदाय, उस पर किसी ब्याज सहित सम्मिलित है, प्राप्त किया है तो, उक्त सेवा निवृत्ति-प्रसुविधाओं की कुल रकम एक-मुश्त राशि में वापस करेगा और यदि वह वे सेवा निवृत्ति प्रसुविधाएं जो इसमें इसके पूर्व इस उप-विनियम में निर्दिष्ट है प्राप्त करने के लिए हकदार हो गया है किन्तु उसने वे वस्तुतः प्राप्त नहीं की है तो वह लिखित रूप में यह संज्ञापित करेगा कि वह उसे प्राप्त करने के अपने अधिकार को छोड़ने के लिए सहमत है"।

[सं० 39025/2/80—स्थापना (बी)]

जे० के० शर्मा, निदेशक

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 26th August, 1981

G.S.R. 832.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (a) of Article 318 of the Constitution, the President hereby makes the following regulations further to amend the Union Public Service Commission (Members) Regulations, 1969, namely :—

1. (1) These Regulations may be called the Union Public Service Commission (Members) Amendment Regulations, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Union Public Service Commission (Members) Regulations, 1969, for sub-regulations (3) and (4) of regulation 10, the following sub-regulation shall be substituted, namely :—

"(3) Any such member, so exercising his option under this regulation, shall, in case he has received any retirement benefit, by way of pension including any commuted value thereof, gratuity or the Government's or the employer's contribution, as the case may be, to any Constributory Provident Fund together with any interest thereon, in respect of the said service, refund the entire amount of the said retirement benefits in a lump-sum; and in case he has become entitled to receive but has not actually received the retirement benefits, herein before referred to in this sub-regulation, signify in writing that he has agreed to forego his right to receive the same".

[No. 39025/2/80-Estt (B)]

J. K. SHARMA, Director

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

सं० 201/81-सीमा-शुल्क

नई दिल्ली, 12 सितम्बर, 1981

सा० का० नि० 833.—केन्द्रीय सरकार, सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 25 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपना समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना सं० 132-सीमा-शुल्क तारीख 2 जुलाई, 1980 का निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में उपाबद्ध अनुसूची में क्रम सं० 21 और उससे सबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं० और प्रविष्टि अन्त स्थापित की जाएगी, अर्थात् —

"22 अलसी का तेल"

[फा० सं० 552/61/81-एल-सी० I]

एन० के० कपूर, अवर सचिव

टिप्पण —यह अधिसूचना सं० 132-सीमा-शुल्क, तारीख 2 जुलाई, 1980 का इस दृष्टि से संशोधन करने के लिए है कि जिससे भारत नेपाल व्यापार संधि, 1978 के अन्तर्गत भारत में अधिमानी प्रविष्टि के लिए संहमत प्रक्रिया के अनुसार, पात्र पाए गए नेपाली मूल के एक और उत्पाद जोड़ा जा सके। इस माल को जब उसका भारत में नेपाल से आयात किया जाए, सीमा-शुल्क से छूट प्राप्त होगी।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

No. 201/81-CUSTOMS

New Delhi, the 12th September, 1981

G.S.R. 833.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 25 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government, being satisfied that it is necessary in the public interest so to do, hereby makes the following further amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue) No. 132-Cus. dated the 2nd July, 1980, namely:—

In the Schedule annexed to the said notification after Serial No. 21 and the entries relating thereto, the following S. No. and entry shall be inserted, namely :—

"22. Linseed Oil".

[F. No. 552/61/81-LCI]

N. K. KAPUR, Under Secy.

Note :—This seeks to amend notification No. 132-Customs, dated the 2nd of July, 1980 so as to add one more products of Nepalese origin, as per the agreed procedure, to qualify for preferential entry into India under the Indo-Nepal Treaty of Trade, 1978. These goods when imported from Nepal into India would be exempted from Customs duty.

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 17 अगस्त, 1981

सा०का०नि० 834.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति एतद्द्वारा भारत प्रतिभूति मुद्रणालय (श्रेणी III के पद) भरती नियमावली, 1974 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों को भारत प्रतिभूति मुद्रणालय (श्रेणी III के पद) भरती (संशोधन) नियमावली, 1981 कहा जाएगा।

(2) ये नियम भारत के राजपत्र में इनके प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. भारत प्रतिभूति मुद्रणालय (श्रेणी III के पद) भरती नियमावली 1974 की अनुसूची में, "सहायक पर्यवेक्षक" के पद से संबन्धित क्रम संख्या 2 में—

(1) कालम 8 में वर्तमान प्रविष्टि को निम्नलिखित प्रविष्टि द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् —

मुद्रण टेक्नोलाजी में किसी मान्यता-प्राप्त संस्था का डिप्लोमा अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की विज्ञान में डिग्री और इसके साथ किसी ख्याति प्राप्त मुद्रणालय में सम्बन्धित कार्यक्षेत्र का कम से कम एक वर्ष का व्यावहारिक अनुभव।"

(2) कालम 11 में वर्तमान प्रविष्टियों को निम्नलिखित प्रविष्टियों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"तकनीकी सहायक (प्रशिक्षुओं) को खपा लेने के बाद

(क) सीधी भरती के द्वारा 75 प्रतिशत।

(ख) औद्योगिक श्रमिकों की पदोन्नति द्वारा 25 प्रतिशत (कालम 12 के (iii) के अनुसार) जिसके न होने पर सीधी भरती द्वारा।

[स० एफ० 5/10/81—करेसी]

नाज कुमार मल्होत्रा, उप सचिव

(Deptt. of Economic Affairs)

New Delhi, the 17th August, 1981

G.S.R. 834.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the folowing rules further to amend the India Security Press (Class III posts) Recruitment Rules, 1974, namely:—

1. (1) These rules may be called the India Security Press (Class III posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the India Security Press (Class III posts) Recruitment Rules, 1974, in Serial No. 2 relating to the posts of "Assistant Supervisors",—

(1) in column 8, for the existing entry, the following entry shall be substituted, namely :—

"Diploma in Printing Technology of a recognised Institution, or a Degree in Science of a recognised University, with a minimum of one year of practical experience in the respective field in a printing press of repute."

(2) in column 11, for the existing entries, the following entries shall be substituted, namely :—

"After absorption of Technical Assistant (Apprentices)

(a) 75 per cent by Direct Recruitment.

(b) 25 per cent by promotion of Industrial workmen [as per (iii) of column 12] failing which by direct recruitment".

[No. F. 5/10/81-CY]

L. K. MALHOTRA, Dy. Secy.

ऊर्जा मंत्रालय

(कोयला विभाग)

नई दिल्ली, 24 अगस्त, 1981

सा०का०नि० 835.—संविधान के अनुच्छेद 309 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति द्वारा "कोयला विभाग (तकनीकी सहायक) भरती नियम, 1979" में संशोधन के लिए निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाए जाते हैं, अर्थात् —

1 (1) इन नियमों को कोयला विभाग (तकनीकी सहायक) (संशोधन) नियम, 1981 कहा जाएगा।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू हो जाएंगे।

2 कोयला विभाग (तकनीकी सहायक) नियम, 1979 (जिन्हें आगे उक्त नियम कहा गया है) के प्रारूप में शब्दों और अंकों "20 सितम्बर, 1963" के बाद यह शब्द जोड़ दिए जाएंगे——जो मुद्दे निर्णित हो चुके है या होने के लिए छोड़े गए हैं उनके मामले में छोड़कर"।

3 उक्त नियमों की अनुसूची में, कालम 6 के नीचे, निम्नलिखित नोट जोड़ दिया जाएगा, अर्थात्——

"नोट :——आयु-सीमा निश्चित करने के लिए निर्णायक तारीख वही होगी जो भारत स्थित उम्मीदवारों (अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप से इतर) से आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी"।

[सं० ए०ए० 12018/1/78-प्रशा-1]

श्रीमती कृष्णलेखा सूद, निदेशक

MINISTRY OF ENERGY

(Department of Coal)

New Delhi, the 24th August, 1981

G.S.R. 835.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Department of Coal (Technical Assistants) Recruitment Rules, 1979, namely :—

1. (1) These rules may be called Department of Coal (Technical Assistants) (Amendments) Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the preamble to the Department of Coal (Technical Assistants) Rules, 1979 (hereinafter referred to as the said rules), after the words and figures, "the 20th September, 1963," the expression "except as respects things done or omitted to be done" shall be inserted.

3. In the Schedule to the said rules, under column 6, the following note shall be inserted, namely :—

"Note :—The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than those in Andaman and Nicobar and Lakshdweep)".

[No. A.A. 12018/1/78-Adm. I]

Smt. K. SOOD, Director

(विद्युत विभाग)

केन्द्रीय विद्युत बोर्ड

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 28 अगस्त, 1981

सा०का०नि० 836.—तारीख 9 मई, 1981 के भारत सरकार के राजपत्र के भाग II—खण्ड-3, उपखण्ड (i) के पृष्ठ 1114 से 1125 पर प्रकाशित भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय (विद्युत विभाग), केन्द्रीय विद्युत बोर्ड की अधिसूचना सा०का०नि० 461, तारीख 24 अप्रैल, 1981 में——

(I) पेज 1117 में——

(1) मद संख्या 10(2) के सामने घंटों की संख्या '8' को न पढ़ें।

(2) मद संख्या 17, लाइन 3 के वाक्यांश 'वल्व' के स्थान पर 'वैल्व' पढ़ें ।

(3) मद संख्या 18(5), लाइन 2 के वाक्यांश 'टबों' के स्थान पर 'ट्यूबों' पढ़ें ।

(4) मद संख्या 19(2) के सामने घंटो की संख्या '22' के स्थान पर '2' पढ़ें ।

(5) मद संख्या 19(10), लाइन 2 में 'कि' के स्थान पर 'की' पढ़ें ।

(II) पेज 1119 में——

(6) परिशिष्ट 2 (2) मद संख्या 1, लाइन 2 में वाक्यांश 'पेज' के स्थान पर 'फेज' पढ़ें ।

(7) परिशिष्ट 2(2), मद संख्या 4 के स्थान पर घटो की संख्या '3' के स्थान पर '8' पढ़ें ।

(8) परिशिष्ट 3, मद संख्या 4(6) में वाक्यांश 'वेल्डन' के स्थान पर 'वेल्डिंग' पढ़ें।

(III) पेज 1120 में——

(9) परिशिष्ट 3, मद संख्या 23 में वाक्यांश 'आर्च' के स्थान पर 'चार्ज' पढ़ें ।

(10) परिशिष्ट 4(1), मद संख्या 8 में 'स्विजगियरो' के स्थान पर 'स्विचगियरों' पढ़ें ।

(11) परिशिष्ट 4(II) के सामने घटो की संख्या 3 न पढ़ें ।

(IV) पेज 1121 में——

(12) परिशिष्ट 4(II) मद संख्या 8 में 'स्पच' के स्थान पर 'क्लच' पढ़ें ।

(13) परिशिष्ट 5, मद संख्या 6, लाइन 4 में 'सिनेक्रमोनाइजिंग' के स्थान पर 'सिनक्रोनाइजिंग' पढ़ें ।

(14) परिशिष्ट 5, मद संख्या 7, लाइन 3 में 'एम्पीफाइन' के स्थान पर 'एम्पलीफायर' पढ़ें ।

(15) परिशिष्ट 5, मद संख्या 15, लाइन 2 में 'आर्च' के स्थान पर 'चार्ज' पढ़ें ।

(V) पेज 1122 में——

(16) परिशिष्ट 5, मद संख्या 31 के सामने घटो की संख्या '3' के स्थान पर '2' पढ़ें ।

(17) परिशिष्ट 5, मद संख्या 32 के सामने घंटों की संख्या '2' के स्थान पर '3' पढ़ें ।

(18) परिशिष्ट 6, मद संख्या 1 में 'के वो' के स्थान पर 'के वी' पढ़ें ।

(19) परिशिष्ट 6, मद संख्या 5(3), लाइन 1 में 'वो वाइडिंग' के स्थान पर 'दो वाइडिंग' पढ़ें ।

(20) परिशिष्ट 6, मद संख्या 5(5), लाइन 4 के सामने घटों की संख्या '4' न पढ़ें ।

(21) परिशिष्ट 6, मद संख्या 7(1), लाइन 1 में 'डसबार' के स्थान पर 'बसबार' पढ़ें ।

(22) परिशिष्ट 6, मद संख्या 10, लाइन 1 में 'लाइटगि' के स्थान पर 'लाइटनिंग' पढ़ें ।

(VI) पेज 1123 में——

(23) परिशिष्ट 6, मद संख्या 15, लाइन 2 में 'लाय' के स्थान पर 'लाग' पढ़ें ।

(24) परिशिष्ट 7, मद संख्या 1(ग), लाइन 1 में वाक्यांश 'मर' न पढ़ें ।

(25) परिशिष्ट 7, मद संख्या 4, लाइन 1 में 'को विशेष' के स्थान पर 'कोई विशेष' पढ़ें।

(26) परिशिष्ट 7, मद संख्या 4, लाइन 4 में 'विशेष' के स्थान पर 'विशेष' पढ़ें।

(27) परिशिष्ट 7 मद संख्या 1 लाइन 7 के पहले मद संख्या पढ़ें।

(VII) पेज 1124 में—

(28) परिशिष्ट 7(2), मद संख्या 1(घ), लाइन 3 के सामने नियत अंक '—(1)' न पढ़ें।

(29) परिशिष्ट 7(2), मद संख्या 3(क) के सामने नियत अंक '+(10)' के स्थान पर '+(15)' पढ़ें।

(30) परिशिष्ट 7(2), मद संख्या 4(ब), लाइन 3 में 'वैल्डन' के स्थान पर 'वैल्डिंग' पढ़ें।

(VIII) पेज 1125 में—

(31) हेडिंग 'प्रशासकों और पर्यवेक्षकों को सहायता देने वाले कुशल व्यक्तियों का निर्धारण प्ररूप' के नीचे और 'प्रशिक्षण विभाग में प्रयोग के लिए' के ऊपर वाक्यांश 'व्यक्तियों का निर्धारण' और 'प्ररूप' न पढ़ें।

[सं० सी०एम०-305/38/81]

ईश कुमार, सचिव (केन्द्रीय विद्युत बोर्ड)

(Department of Power)

CENTRAL ELECTRICITY BOARD

CORRIGENDUM

New Delhi, the 28th August, 1981

G.S.R. 836.—In the notification of Ministry of Energy (Deptt. of Power), Central Electricity Board G.S.R. 461, dated 24th April, 1981 published in Gazette of India, Part-II, Section 3, Sub-section (i) dated 9th May 1981, the following corrections may be carried out :—

I. At page 1125 :

(1) In column 1, line 1, for the word "futher" read "further".

(2) In column 2, line 25, for the word "of" read "or".

(3) Line 63, 64 may be read as "In respect of thermal stations, separate course may be arranged for the operating and supervisory staff and other skilled persons who are to assist them".

II. At page 1126 :

(4) Column 1, line 20, read comma (,) before word "instrumentation".

(5) In line 40 for the "sepnt" read "spent".

(6) In line 40 for "graining" read "training".

(7) In line 59 after the word "from" and before the word "recognised" read "a".

(8) In column 2, line 15, for the word "and" read "any".

(9) In line 57, for the word "just" read "Dust".

III. At page 1127 :

(10) In column 1, line 14, read comma (,) before the words "types of turbines".

(11) In line 41, read comma (,) before word "methods".

(12) In line 59 for the word "cash" read "ash".

(13) In column 2, line 13, read comma (,) before the word "station".

(14) In line 17, read comma (,) before the word "potential".

IV. At page 1128 :

(15) In column 1, line 16, read comma (,) before the word "high temperature".

(16) In line 24, against item XX, read "3".

(17) In line 29, after the words, "Electricity Act" and before "Electricity (Supply)" read "1910".

(18) In the 33, for "imaintenance" read "maintenance"

(19) In line 30, read comma (,) before word "Indian".

(20) In line 52, for "diposits" read "deposits".

(21) In column 2, line 4, for "hydrauoic" read 'hydraulic".

(22) In line 41, for "balbe" read "valve".

V. At page 1129 :

(23) In column 1, item IV, line 5, for "contractors" read "contactors".

(24) In column 2, item X, line 3, for "dearators" read "deaerators".

(25) In item XXII (8), for "reherting" read 'reheating".

VI. page 1130 :

(26) In appendix IV(1), item 1, for "visula" read "visual".

(27) In column 2, item X, line 2, for word "start" read "star".

(28) In appendix IV(2), item XI for "Vibnation" read "Vibration".

VII. At page 1131 :

(29) In appendix V, line 2, after word "WILL" and before "ENGAGED" read "BE".

(30) In item 1, line 3, for "poak" read "peak".

(31) In item 2, line 6 for "penstochs" read "penstocks".

(32) In column 2, item XV, line 4, for "contractors" read "contactors".

(33) In item XVII, line 1, after word "types" and before "cables" read "of".

(34) In item XVII, line 2, for "rading" read "rating".

(35) In item XX, line 4, for "amd" read "and".

(36) In item XXII, line 2, delete word "and" before word "recording".

(37) In item XXIV, for "turbive" and "turbine".

(38) Against item XXXI, for "2" read "3".

(39) Against item XXXII, for "3" read "2".

VIII. At page 1132 :

(40) In appendix VI, item 1, for figures "220/132/63/33" read "220/132/66/33".

(41) In item VI (il) line 1, for "t4pes" read "types".

(42) In item VI(ii), line 3, for "princpes" read "principles".

(43) In column 2, item IX, line 3 for the "cirefits" read "circuits".

(44) In item IX, line 5, delete word "breaker".

(45) In item X, for the word "lighting" read "lightning" in all places where word "lighting" comes.

(46) In item XI, line 1 & 2, for word "indications" read "indicators".

(47) In item XI, line 2, for word "music" read "mimic".

(48) Against item XI, read "10".

(49) In item XII(i), line 1, for "amperphour" read "amperehour".

(50) In item XII(i), line 2, for "batberies' read "batteries".

IX. At page 1133 :

(51) Against item XV, read "3".

[No. CM-305/38/81]

ISH KUMAR, Secy. (Central Electricity Board)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 1 सितम्बर 1981

सा०का०नि० 837 :—केन्द्रीय सरकार खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 (1954 का 37) की धारा 23 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय खाद्य मानक समिति से परामर्श करने के पश्चात् अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 का और संशोधन करना चाहती है। जैसा कि उक्त उपधारा में अपेक्षित है प्रस्तावित संशोधनों का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है। इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर राजपत्र में प्रकाशित की तारीख से नब्बे दिन की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा।

2. ऊपर विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व उक्त प्रारूप की बाबत जो भी आक्षेप या सुझाव किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे केन्द्रीय सरकार उन पर विचार करेगी।

प्रारूप नियम

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम खाद्य अपमिश्रण निवारण (संशोधन) नियम, 1981 है।

2. खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 के (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) नियम 42 के उपखंड (ठ) के स्थान पर निम्नलिखित उपखण्ड रखा जाएगा, अर्थात् —

(ठ) करी पाउडर और मसाला—करी पाउडर और मिश्रित मसाले के प्रत्येक पैकेज पर एक लेबल लगा होगा जिसमें भार में उत्पादों के संघटकों का संमिश्रण अवरोही क्रम में दिया जाएगा। यदि मिश्रित मसाला तेल में तला जाता है तो उस पर निम्नलिखित लेबल होगा :

मिश्रित मसाला (तला हुआ)
यह मसाला————————
(प्रयुक्त खाद्य तेल का नाम) में तला गया है

3. उक्त नियमों के परिशिष्ट ख में,

(i) मद क. 05. 01, क. 05. 01. 01, क. 05. 02, क 05 03, क. 05. 03 01, क. 05 03. 02, क 05. 04, क. 05. 04. 01, क. 05 04. 02, क. 05 05, क. 05. 05. 01, क. 05. 06, क 05. 06. 01, क 05. 06. 02, क. 05. 07, क. 05. 07. 01, क 05. 08, क 05 08 01, क. 05. 09, क 05. 09. 01, क 05 10, क. 05 10. 01, क. 05 11, क 05. 11. 01, क. 05. 12, क 05. 12. 01 क 05. 13, क 05 13 01, क. 05. 14, क. 05 14. 01, क. 05 15, क. 05. 15 01, क. 05. 16, क. 05. 16. 01, क. 05. 17, क. 05. 17 01, क. 05. 17 02, क. 05. 17. 03, क. 05. 18 और क. 05 19 के अंत में निम्नलिखित अंतस्थापित किया जाएगा, अर्थात् —

"उसमें मिलाए गए रंजक पदार्थ और सामान्य खाद्य नमक नहीं होंगे".

(ii) मद क. 05. 21 में, "जब कभी सामान्य खाद्य नमक मिलाया जाए तो भारानुसार उसका प्रतिशत लेबल पर घोषित किया जाएगा" शब्दों का लोप किया जाएगा ;

(iii) मद क. 05. 21 के पश्चात्, निम्नलिखित मदें अन्तःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् —

"क 05. 21 01—मिश्रित मसाला (साबुत) से स्वच्छ, सूखे और स्वास्थ्यप्रद सुगंधित बूटियों तथा मसाले का मिश्रण अभिप्रेत है। इसमें सूखी सागभाजी और/या फल तिलहन, लहसुन, अदरक, खसखस और करी के पत्ते भी हो सकते हैं। यह मिलाए गए रंजक पदार्थ से मुक्त होगा। यह फफूंदी और कीट ग्रसन से मुक्त होगा। बाह्य पदार्थ का अनुपात भार में पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होगा जिसमें से कार्बनिक और अकार्बनिक पदार्थ का अनुपात क्रमशः तीन प्रतिशत और दो प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।"

मिश्रण में अंतर्विष्ट मसालों के नाम लेबल पर संमिश्रण के अवरोही क्रम में उपदर्शित किए जाएंगे।

(ख) क. 05. 21. 02—मिश्रित मसाला (पाउडर) से स्वच्छ सूखे और स्वास्थ्यप्रद मसालों तथा सुगंधित बूटियों, सूखे फलों और/या सागभाजी, तिलहन, लहसुन, अदरक, खसखस और करी के पत्ते को पीस कर प्राप्त किया गया पाउडर अभिप्रेत है। इसमें कोई भी मिलाया गया रंजक पदार्थ और परिरक्षक नहीं होंगे।

यह गन्धगी, फफूंदी और कीट ग्रसन से रहित होगा। मिश्रण में मसालों और बूटियों तथा तिलहन का अनुपात पचासी प्रतिशत से कम नहीं होगा। इसमें मिलाया गया स्टार्च और सामान्य लवण भी हो सकेगा। मिश्रण में बाह्य स्टार्च का अनुपात भार में दस प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। इसे खाद्य तेल में भूना जा सकेगा या तला जा सकेगा। यह निम्नलिखित मानकों के अनुरूप होगा :

1. आर्द्रता	भार में 14 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
2 तनूकृत हाईड्रोक्लोरिक अम्ल में अविलेय भस्म	शुष्क आधार पर भार में 2 0% से अधिक नहीं होगी।
3 अपरिष्कृत रेशे	शुष्क आधार पर भार में 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे।
4 सीसा	शुष्क आधार पर दस लाख में 10 भाग से अधिक नहीं होगा।

मिश्रित मसाले में अंतर्विष्ट पदार्थों के नाम भार के आधार पर संमिश्रण के अवरोही क्रम में लेबल पर घोषित किए जाएंगे उस खाद्य तेल के नाम का जो मिलाया गया है या जिसमें उत्पाद तला गया है जैसा कि नियम 42 के उपनियम (ठ) में अधिकथित है, लेबल पर भी उल्लेख किया जाएगा।

क 05. 21. 03—गरम मसाला (पाउडर) से केवल स्वच्छ, सूखे और स्वास्थ्यप्रद सुगंधित बूटियों तथा मसालों को पीस कर प्राप्त किया गया पाउडर अभिप्रेत है। इसमें ताजा और सूखे फल या सागभाजी, मिलाया गया स्टार्च या सामान्य खाद्य लवण नहीं होगा। पाउडर गन्धगी, फफूंदी और कीटग्रसन से रहित होगा। इसमें रंजक पदार्थ और परिरक्षक नहीं होंगे। उत्पाद में प्रयुक्त संघटकों के नामों का उल्लेख लेबल पर भार के आधार पर संमिश्रण के अवरोही क्रम में किया जाएगा। यह निम्नलिखित मानकों के भी अनुरूप होगा :

1. आर्द्रता	14 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
2 वाष्पशील तेल	शुष्क आधार पर मात्रा भार में 0 5 प्रतिशत से कम नहीं होगा।
3. अवाष्पशील ईथर निष्कर्षण	शुष्क आधार पर भार में 7. 5 प्रतिशत से कम नहीं होगा।
4. तनूकृत हाईड्रोक्लोरिक अम्ल में अविलेय भस्म	शुष्क आधार पर भार में 2 0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।
5 अपरिष्कृत रेशे	शुष्क आधार पर भार में 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे।

(iv) मद क 07 03 में, "फ्रक्टोस-ग्लूकोस का अनुपात 0 90 से कम नहीं होगा" शब्दों और अंकों के स्थान पर "फ्रक्टोस/ग्लूकोस का अनुपात 0 95 से कम नहीं होगा" शब्द और अंक रखे जाएंगे,

(v) मद क 18 01 में, "आटा" शब्द के, स्थान पर, "आटा या परिणामी आटा" शब्द रखे जाएंगे।

(vi) मद क 18 07 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"क 18.07-बिस्कुट, जिनके अन्तर्गत वेफर बिस्कुट भी है, मैदा, वनस्पति या परिष्कृत खाद्य तेल अथवा टेबल मक्खन या देसी मक्खन या कृत्रिम मक्खन (या घी) या उनके मिश्रण से बनाए जाएंगे। इनमें निम्नलिखित एक या अधिक संघटक हो सकते है, अर्थात् :—

सामान्य खाद्य नमक, अनुज्ञात प्रति आक्सीकारक, पायसीकारक और स्थायीकारक; अनुज्ञात परिरक्षक और रंग; किण्वनकारक जैसे बेकिंग पाउडर; अमोनियम बोध कार्बोनेट; अमोनियम कार्बेनेट; और मक्खन दुग्ध पाउडर, अनाज और उसके उत्पाद; पनीर सिट्रिक अम्ल; कोका, काफी-निष्कर्ष; खाद्य निर्जलीकृत नारियल; डेक्सट्रोज; फल और फल उत्पाद; सूखे फल और दृढ़ फल; अंडे, खाद्य वनस्पति उत्पाद; एमिलेस और अन्य एन्जाइम, अनुज्ञात सुरुचिकर्मक, सुरुचिवर्धक और फिक्सचर; आटा उन्नयक; अदरक; ग्लूटेन; मूंगफली का आटा; दुग्ध और दुग्ध उत्पाद; मधु; जेली फार्मिंग कारक, द्रव ग्लूकोस; माल्ट उत्पाद, खाद्य तिलहन, आटा और चूरा; गरम मसाले और मसाले; खाद्य स्टार्च जैसे आलू स्टार्च; और खाद्य आटा; चीनी और चीनी उत्पाद; इंवर्ट शुगर गुड़ प्रोटीन सांद्र और अन्य पोषक; सोडियम बाईसल्फेट; सोडियम मेटा-बाइसल्फेट और अन्य डो कंडीशनर, विटामिन, कैल्शियम और फेरस माल्ट, पोटेशियम आयोडाइड, मेलिक और लैक्टिक अम्ल; टार्टरिक अम्ल; सिरका और ऐसेटिक अम्ल; खमीर

बिस्कुट निम्नलिखित मानकों के अनुरूप होंगे, अर्थात् :—

(क) (शुष्क आधार पर) तनुकृत हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में अविलेय भस्म 1 0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा

(ख) निकाली गई वसा की अल्कोहाली (90 प्रतिशत अल्कोहल) अम्लता (ओलिक अम्ल के रूप में 1.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी"

(vii) मद क. 25.02 के पश्चात् निम्नलिखित मदें अन्त:स्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

चिविंग गम या बबल गम चिविंग गम आधार या बबल गम आधार जैसे बबूल; कीकर (गम अरैबिक) (ऐकेशिया नीलोटिकामन० ऐकेशिया अरैबिका) खैर (ऐकेशिया कैटेचू); झींगा (जैल) (लोनिनआ कारो मेंडलिका), चट्टी (एनोनिसेस लेटीफालिया); चीकू (सोपोटा) (अकरस जपोगा) और महुआ (मधुका लोंगीफोलिया) या प्राकृतिक अथवा सिन्थेटिक नोन-टोक्सिक गम, चीनी और द्रव ग्लूकोस से तैयार किए जाएंगे। इसमें निम्नलिखित संघटकों में से कोई भी सम्मिलित हो सकेगा :

ग्लिसरीन; ग्लिसरोल मोनोस्टीरेट; माल्ट; दुग्ध पाउडर, चाकलेट काफी; जिलेटिन; नोन-टोक्सिक प्राकृतिक या खनिज मोम सारबिटाल; मिलाया गया स्टार्च; सिटिक अम्ल (खाद्य ग्रेड); टार्टरिक अम्ल (खाद्य ग्रेड) और विटामिन प्रोटीन और खनिज आदि जैसे पोषक।

इसमें अनुज्ञात रजक पदार्थ, सुरुचिक, प्रति आक्सीकारक, परिरक्षक, और पायसीकारक हो सकेंगे। यह गंदगी, गदे अपमिश्रकों और हानिकारक पदार्थों से रहित होगा; इसमें टिटानियम डाइआक्साइड (खाद्य ग्रेड) 1% प्रतिशत की अधिकतम सीमा तक हो सकेगा। यह निम्नलिखित मानकों के भी अनुरूप होगा, अर्थात् —

		चिविंग गम	बबल गम
(i)	गम	भार में 12.5 प्रतिशत से कम नहीं होगा।	भार में 14 0 प्रतिशत से कम नहीं होगा।
(ii)	आर्द्रता	भार म 3.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।	भार मे 3 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
(iii)	सल्फेट भस्म	भार में 9 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।	भार मे 11 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
(iv)	अम्ल अविलेय भस्म	भार में 2.0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।	भार में 3.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
(v)	अपचायक चीनी	भार में 4.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।	भार में 5.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
(vi)	सुक्रोस	भार में 70.0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।	भार में 60.0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

[स० पी० 15014/1/79—पी०एच० (एफ० एण्ड एन०) (पी०एफ०ए०)]

जी० पुचपकेशन, अवर सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Department of Health)

New Delhi, the 1st, September, 1981

G.S.R 837.— The following draft of certain rules further to amend the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955, which the Central Government proposes to make, in exercise of the powers conferred by sub-section (I) of section 23 of the Prevention of Food Adulteration Act, 1954 (37 of 1954) after consultation with the Central Committee for Food Standards is hereby published, as required by the said sub-section, for the information of all persons likely to be affected thereby, and notice is hereby given that the said draft rules will be taken into consideration on or after the expiry of ninety days from the date of publication of this notification Gazettoe.

Any objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft rules before the expiry of the period so specified, will be considered by the Central Government.

DRAFT RULES

1. These rules may be called the Prevention of Food Adulteration (Amendment) Rules, 1981.

2. In the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955, (here inafter referred to as the said rules), in rule 42, for sub-clause (L), the following clause shall be substituted, namely :—

"(L)—CURRY POWDER AND MASALA—Every package of curry-powder and mixed masala shall beat a label specifying the ingradients of the products in descending order of composition by weight. If mixed masal is fried in oil, it shall bear the following label : —

MIXED MASALA (FRIED)
THIS MASALA HAS BEEN FRIED IN . .
(Name of the edible oil used)

3. In appendix B of the said rules—

(i) in items A. 05.01, A 05.01.01, A. 05.02, A. 05.03, A. 05.03.01, A. 05.03.02, A. 05.04, A. 05.04.0,1 A. 05.04.02, A. 05.05, A..05.05.01, A.70.05.06, A. A. 05.06.01, A.05.06.02, A.05.07, A.05.07.01, A.50.08. A. 05. 8.01, A. 05.09, 05.09.01, A. 05.10, A. 05.10.01, A. 05.11, 05.11.01, A. 05.12, A. 05.12.01, A. 05 13, A. 05.13.01, A. 05.14. A. 05.14.01, A. 05.15 A. 05.15.01 A. 05.16, A.05.16.01 A. 05.17, A. 05 17.01, A. 05.17.02, A. 05.17 .03, A. 05.18, and A. 05 19

the following shall be added at the end :—

"It shall be free from added colouring matter and edible common salt".

(ii) in item A. 05.21, the words "edible common salt is added, its percentage by weight shall be declared on the label Also" shall be omitted;

(lii) after item A. 05.21, the following items shall be inserted, namely :—

"A.05.21.01—Mixed Masala (whole) means a mixture of clean, dried and sound aromatic herbs and spices. It may also contain dried vegetables and/or fruits, oilseeds, garlic, ginger, poppy seeds and curry leaves. It shall be free from added colouring matter. It shall be free from mould growth and insect infestation. The Proportion of extraneous matter shall not exceed five per cent by weight out of which the proportion of organic and inorganic material shall not exceed three per cent and two per cent, respectively.

The names of the spices contained in the mixture shall be indicated on the label in descending order of composition.

A.05.21.02.—Mixed Masala (powder) means the powder obtained by grinding clean, dried and sound spices and aromatic herbs, dried fruits and/or vegetables, oilseeds, garlic, ginger, popp seeds and curry leaves. It shall be free from any added colouring matter and preservative. It shall be free from dirt, mould growth and insect infestation. The proportion of spices and herbs and oilseeds in the mixture shall not be less than eighty five per cent. It may contain added strach and common salt. The proportion of extraneous starch in the mixture shall not exceed ten per cent by weight. It may be roasted or fried in edible oil. It shall conform to the following standards.:—

1. Moisture	Not more than 14 per cent by weight.
2. Ash insolubl: in dilute Hydrochloric acid.	Not more than 2.0 per cent by weight, on dry basis.
3. Crude Fibre.	Not more than 15 per cent by weight, on dry basis.
4. Lead	Not more than 10 part per million on dry basis.

The ingredient contained in the mixed masala shall be declared on the label in the descending order of composition. The name of the edible oil, which has been added or in which the product has been fried shall also be mentioned on the label laid under in sub-rule (L) of rule 42.

A.05.21.03—Garam Masala (Powder) means the powder obtained by grinding clean, dried and sound aromatic herbs and spices only. It shall not contain fruits or vegetables, (fresh or dry) added starch or edible common salt, the powder scall be free from dirt, mould growth and insect infestation. It shall be free from added colouring matter and preservatives. The ingredients used in the product shall be mentioned on the label in descending order of composition. It shall also conform to the following standards:—

1. Moisture	Not more than 14 per cent.
2. Volatile oil extract	Not less than 0.5 per cent volume/ weight on dry basis.
3. Non Volatile either extract	Not less than 7.5 per cent by weight on dry basis.
4. Ash insoluble in dilute hydrochloric acid.	Not more than 2.0 per cent by weight ondry basis.
5. Crude fibre	Not more than 10.0 per cent by weight on dry basis.

(iv) In item A.07.03., for figures "Fructose/Glucose ratio shall not be less than 0.90" the words and figures "Fructose/Glucose ratio shall not be less than 0.95" shall be substitued ;

(v) in item A.18.01, for the word "Atta" the words "Atta or resultant atta" shall be substituted ;

(vi) for item A.18.07—the following item shall be substituted, namely : A.18.07—Biscuits including wafer biscuits shall be made from maida, vanaspati or refined edible oil or table butter or deshi butter or margarine or ghee or their mixture. It may contain any one or more of the following ingredients, namely :—

Edible common salt; permitted anti-oxidants; emulsifying and stabilising agents; permitted preservatives and colours; leavening agents such as baking powder; ammoniun bicarbonate ; ammonium carbonate; butter milk powder ; cereals and their products; Cheese, citric acid cocoa; coffee extract ; edible desiccated coconut ; dextrose ; fruits and fruit products; dry fruits and nuts ; eggs ; edible vegetable products ; anyleses and other onzyaps; permitted flavouring agants; flavour improvers and fixers; flour improvers; ginger, gluton ; groundnut flour ; milk and milk products ; honey; jellyfying agents ; liquid glucose ; malt products ; edible oilseeds ; flour and meals ; spices and condiments edible starches such as potato starch ; and edible floura ; angars and sugar products ; invert sugar ; jaggery ; protain concentrates and other nutrients ; sodium ; bisulphite ; sodium metabizulphite and other dough conditioners, vitamins, calcium and forrous salts ; vitamins, clacium and forrous salts ; pot ssium iodide, malic and lactic acids ; tartaric acid ; vinegar and acetic acid ; yeast.

8. Biscuits shall conform to the following standard, namely:—

(a) Ash insoluble in dilute hydrochloric acid (on dry basis) shall not be more than 1.0 per cent.

(b) Alcoholic (90 percent alcohol) acidity of extracted fat (as oleic acid) shall not exceed 1.5 per cent.

(vii) after item A.25.02 the following items shall be inserted, namely:—

A. 25.02.01 Chewing Gum and Bubble Gum shall be prepared from chewing gum base or bubble gum base like bubul ; Khikar (Gum Arabic) (Acacia nilotica-sin) (Acacia arabica) ; Khair (Acacia Catechu) : Jhingan (Jael) (Leannea coromoandelica) ; Chatti (Angissus latifolia) ; Chiku (Sopota) Achra Zapota) and Mahus (Maduca longifolia) or Natural or synthetic non-toxic gum, sugar and liquid glucose. It may also contain any of the following ingredients:-

Glycering ; glyceral monostearate ; malt ; milk powder ; chocolate ; coffee ; getaine ; non-toxic natural

or mineral waxes ; sorbitol ; added starch ; citric acid (food grade) ; tartaic acid (food grade) ; and nutrients like vitamins, proteins and mineral etc.

It may contain permitted coluring matter, flavours, anti-oxidants, preservatives and emulsifiers. It shall be free from dirt, filth adulterants and harmful ingredients. It may also contain tetanium dioxide (food grade) to a maximum limit of 1 per cent. It shall also conform to the following standards, namely:—

	Chewing Gum	Bubble Gum
(i) Gum	Not less than 12.5, percent by weight.	Not less than 14.0 percent by weight
(ii) Moisture	Not more than 3.5, percent by weight.	Not more than 3.5, percent by weight.
(iii) Sulphated Ash	Not more than 9.5 percent by weight.	Not more than 11.5 percent by weight.
(iv) Acid insoluble ash.	Not more than 2.0, percent by weight.	Not more than 3.5, percent by weight.
(v) Reducing sugar	Not less than 4.5, percent by weight.	Not less than 5.5, percent by weight.
(vi) Sucrose	Not more than 70.0, percent by weight.	Not more than 60.0, percent by weight.

[No. P. 15014/1/79-PH (F&N) (PFA)]

G. PANCHAPAKESAN, Under Secretary

कृषि मंत्रालय

(खाद्य विभाग)

नई दिल्ली, 25 अगस्त, 1981

सा० का० नि० 838.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय चीनी संस्थान कानपुर (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) भर्ती नियम 1964 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1 (i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम—राष्ट्रीय चीनी संस्थान, कानपुर (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) भर्ती (दूसरा संशोधन) नियम, 1981 है।

(ii) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

भारतीय चीनी संस्थान, कानपुर (समूह 'क' और समूह 'ख' पद) भर्ती नियम, 1964 की अनुसूची में, निदेशक चीनी प्रौद्योगिकी प्राचार्य, मुख्य प्रौद्योगिकविद (सलाहकार), मुख्य प्रौद्योगिकीविद (विस्तारण), सहायक निदेशक (सर्वेक्षण और सूचना), मुख्य डिजाइन इंजीनियर चीनी इंजीनियरी प्राचार्य, मुख्य इंजीनियर (सलाहकार) मुख्य इंजीनियर (विस्तारण), प्रबन्धक, चीनी रसायन प्राचार्य, मुख्य रासायनिक इंजीनियर (विस्तारण), रासायनिक इंजीनियरी प्राचार्य, जीव रसायन प्राचार्य, चीनी प्रौद्योगिकी सहायक प्राचार्य, ज्येष्ठ तकनीकी अधिकारी (चीनी प्रौद्योगिकी), ज्येष्ठ अनुसंधान अधिकारी (गुड़ और खाडसारी) चीनी इंजीनियरी सहायक प्राचार्य, ज्येष्ठ तकनीकी अधिकारी (इंजीनियरी) (विस्तारण), ज्येष्ठ तकनीकी अधिकारी (इंजीनियरी) (खोई), ज्येष्ठ तकनीकी अधिकारी (इंजीनियरी) (प्रयोगात्मक चीनी कारखाना) चीनी रसायन सहायक प्राचार्य, (चीनी रसायन कार्बनिक) सहायक प्राचार्य, जीव रसायन सहायक प्राचार्य, भौतिक रसायनज्ञ, भौतिक रसायन प्राचार्य और चीनी रसायन (कृषि प्राचार्य के पदों से सम्बंधित क्रम सं० 1 से 5, 7 से 15, 17 से 19क, 21 से 24, 45 और 46 के सामने स्तंभ (6क) में 'हां' प्रविष्टि अन्तःस्थापित की जाएगी।

1 भारत के राजपत्र तारीख 25 जुलाई, 1964 में प्रकाशित सा० का० नि० 1036 तारीख 13 जुलाई, 1964

2 भारत के राजपत्र तारीख 15 अगस्त, 1964 में प्रकाशित सा० का० नि० 1150 तारीख 6 अगस्त, 1964

3 भारत के राजपत्र तारीख 26 सितम्बर 1964 में प्रकाशित सा० का० नि० 1364 तारीख 15 सितम्बर, 1964

4 भारत के राजपत्र तारीख 3 अक्तूबर, 1964 में प्रकाशित सा० का० नि० 1436 तारीख 23 सितम्बर, 1964

5 भारत के राजपत्र तारीख 30 जनवरी, 1965 में प्रकाशित सा० का० नि० 179 तारीख 21 जनवरी, 1965

6 भारत के राजपत्र तारीख 27 फरवरी, 1965 में प्रकाशित सा० का० नि० 306 तारीख 20 फरवरी, 1965

7 भारत के राजपत्र तारीख 4 सितम्बर, 1965 में प्रकाशित सा० का० नि० 1279 तारीख 23 अगस्त, 1965

8 भारत के राजपत्र तारीख 12 फरवरी, 1966 में प्रकाशित सा० का० नि० 333 तारीख 4 फरवरी 1966

9 भारत के राजपत्र तारीख 12 फरवरी, 1966 में प्रकाशित सा० का० नि० 234 तारीख 4 फरवरी, 1966

10 भारत के राजपत्र तारीख 11 जून, 1966 में प्रकाशित सा० का० नि० 899 तारीख 3 जून, 1966

11 भारत के राजपत्र तारीख 19 नवम्बर, 1966 में प्रकाशित सा० का० नि० 1745 तारीख 5 नवम्बर, 1966

12 भारत के राजपत्र तारीख 26 नवम्बर, 1966 में प्रकाशित सा० का० नि० 1805 तारीख 16 नवम्बर 1966

13 भारत के राजपत्र तारीख 29 जुलाई, 1967 में प्रकाशित सा० का० नि० 1140 तारीख 15 जुलाई, 1967

14 भारत के राजपत्र तारीख 27 फरवरी, 1971 में प्रकाशित सा० का० नि० 278 तारीख 13 फरवरी, 1971

15 भारत के राजपत्र तारीख 1 मई, 1971 में प्रकाशित सा० का० नि० 640 तारीख 13 अप्रैल, 1971

16 भारत के राजपत्र तारीख 12 जून, 1971 में प्रकाशित सा० का० नि० 925 तारीख 21 मई, 1971

17 भारत के राजपत्र तारीख 30 अक्तूबर, 1971 में प्रकाशित सा० का० नि० 1612 तारीख 7 सितम्बर, 1971

18 भारत के राजपत्र तारीख 17 जनवरी, 1976 में प्रकाशित सा० का० नि० 85 तारीख 29 दिसम्बर, 1975

19 भारत के राजपत्र तारीख 18 दिसम्बर, 1976 में प्रकाशित सा० का० नि० 1755 तारीख 27 नवम्बर, 1976

20 भारत के राजपत्र तारीख 15 जनवरी, 1977 में प्रकाशित सा० का० नि० 79 तारीख 16 दिसम्बर, 1976

21 भारत के राजपत्र तारीख 12 मार्च, 1977 में प्रकाशित सा० का० नि० 339 तारीख 25 फरवरी, 1977

22 भारत के राजपत्र तारीख 31 दिसम्बर, 1977 में प्रकाशित सा० का० नि० 1729 तारीख 14 दिसम्बर, 1977

23 भारत के राजपत्र तारीख 22 अप्रैल, 1978 में प्रकाशित सा० का० नि० 523 तारीख 30 मार्च, 1978

24 भारत के राजपत्र तारीख 29 अप्रैल, 1978 में प्रकाशित सा० का० नि० 566 तारीख 17 अप्रैल, 1978

25 भारत के राजपत्र तारीख 29 अप्रैल, 1978 में प्रकाशित सा० का० नि० 567 तारीख 17 अप्रैल, 1978

26 भारत के राजपत्र तारीख 11 नवम्बर, 1978 में प्रकाशित सा० का० नि० 1340 तारीख 21 अक्तूबर, 1978

27 भारत के राजपत्र तारीख 27 जनवरी, 1979 में प्रकाशित सा० का० नि० 149 तारीख 5 जनवरी, 1979

28 भारत के राजपत्र तारीख 17 फरवरी, 1979 में प्रकाशित सा० का० नि० 277 तारीख 5 फरवरी, 1979

29 भारत के राजपत्र तारीख 17 फरवरी, 1979 में प्रकाशित सा० का० नि० 278 तारीख 5 फरवरी, 1979

